नशीले कफ सिरप के साथ तीन युवक गिरफ्तार

- धनपुरी पुलिस ने 89 नग नशीला कफ सिरप किया बरामद

शहडोल, देशबन्धु। जिले के कोयलांचल नगरी धनपुरी में नशीली सामग्रियों का कारोबार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनके पास से 89 नग नशीला कफ सिरप बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पवन सोनी उर्फ पवनराज पिता फूलचन्द सोनी उम्र 27 साल निवासी क्वाटर नं. एम/37 बंगबार कालोनी , सिंह रितेश अरूण कुमार पिता अरूण कुमार उम्र 24 साल निवासी क्वाटर नं. एम /395 बंगबार कालोनी तथा मो. जफर उर्फ राजाबाबू निवासी धनपुरी थाना धनपुरी शामिल हैं । आरोपियों के विरुद्ध धारा धारा 8बी, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट, 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया है।

धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पेन्द्रो ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रितेश सिंह व पवन सोनी नाम के व्यक्ति, बंगबार कालोनी में कालरी के क्वाटर में अवैध रूप से नशीली दवाई कोरेक्स बिक्री करने हेतु रखे है यदि तत्काल घेराबन्दी की जाए तो रितेश सिंह व पवन सोनी को रंगे हाथ कोरेक्स सहित पकड़ा जा सकता है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम गठित कर बंगबार कालोनी कालरी क्वाटर नं. एम /326 में घेराबन्दी कर दबिश दी गई।

दोनों गिरफ्तार आरोपियों से जब पूछताछ की गई तो आरोपियों द्वारा उक्त नशीली दवाई कोरेक्स मो. जफर उर्फ राजाबाबू निवासी

धनपुरी से बिक्री करने हेतु खरीदकर लाना बताया गया।जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी मो. जफर उर्फ राजाबाबू की पता तलाश की गई ,जो कब्रिस्तान रोड धनपुरी के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गया ।जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 5 नग नशीली दवाई कोरेक्स व एक नग मोबाइल फोन बरामद हुआ । जिसे जप्त किया गया।इस प्रकार कुल 89 नग आनरेक्स कफ सिरप, 3 नग मोबाइल फोन कुल कीमती 41380 रूपये का मसरूका जप्त किया गया। तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर वापस थाना लाया गया। आरोपीगणो के विरूद्ध धारा 8बी, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट, 5/13 म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया। मामले से संबंधित एक आरोपी फरार बताया जा रहा है।

पूर्व में भी जा चुके हैं जेल-आरोपी पवन सोनी तथा मो. जफर उर्फ राजाबाबू पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के मामलो में जेल जा चुके है। पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान व एसडीओपी धनपुरी के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही में धनपुरी थाना प्रभारी निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो के साथ उप निरीक्षक नागेन्द्र प्रताप सिंह, आर. पी. प्रजापति, सहायक उप निरीक्षक राजा भइया बागरी, प्रधान आर. गजेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, आरक्षक कोमल, अजय सिंह, सतवंत, महिला आरक्षक रूपकुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कॉलोनी से करते थे बिक्री

मुखबिर के बताए अनुसार आरोपीगण पवन सोनी उर्फ पवनराज पिता फूलचन्द सोनी उम्र 27 साल निवासी क्वाटर नं. एम/37 बंगबार कालोनी तथा सिंह रितेश अरूण कुमार पिता अरूण कुमार उम्र 24 साल निवासी क्वाटर नं. एम /395 बंगबार कालोनी थाना धनपुरी जिला शहडोल क्वाटर में मिले ।जब पुलिस द्वारा मकान की तलाशी ली गई तो वहां 84 नग कोडीन युक्त नशीली दवाई अनरेक्स कफ सिरफ बरामद हुई । जिसकी अनुमानित बाजारू कीमत करीब 16 हजार 3 सौ 80 रूपये आंकी गयी है । मौके पर आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 84 नग कोरेक्स कफ सिरप, 2 नग वीवो कम्पनी के मोबाइल भी जप्त किये गये।

तहसील आए बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत, वकीलों ने किया प्रदर्शन

शहडोल, देशबन्धु। जिले में ब्यौहारी तहसील के सामने तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने दो लोगों को ठोकर मार दी, जिसमें एक बुजुर्ग की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद वकीलों में गुस्सा फूट आया और वकील काफी संख्या में शहडोल रीवा मार्ग पर तहसील के सामने बैठकर धरना दिया। वकीलों की मांग थी कि तत्काल मार्ग पर स्पीड ब्रेकर बनवाया जाए। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है, एसडीएम भी मौके पर पहुंच वकीलों से चर्चा कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, तहसील कार्यालय के ठीक सामने एक तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन ने साइकिल सवार एवं पैदल जा रहे एक बुजुर्ग को ठोकर मार दी, जिसमें बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद तहसील एवं कोट के वकील मौके पर इकट्ठा हो गए और धरने में बीच सड़क बैठ गए है। धरने में बैठे एक वकील ने बताया कि सड़क पर वाहनों की आवाजाही दिन-रात बनी रहती है। ब्यौहारी नगर में तहसील कार्यालय के साथ-साथ कई सारे कार्यालय सड़क पर हाइवे के बगल में मौजूद हैं और इस मार्ग पर एक भी स्पीड ब्रेकर नहीं है, जिसको लेकर हमारी मांग है कि तत्काल प्रशासन तहसील एवं कोट के साथ भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में ब्रेकर बनवाए। शहडोल-रीवा मुख्य मार्ग पर सड़क पर वकीलों का धरना एक घंटे से अधिक जारी था।जिससे शहडोल रीवा मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई हैं।

सार-समाचार

किचन में लगी आग, अमरकंटक हाईवे पर तीन घंटे तक रुका यातायात

शहडोल, देशबन्धु। जिले में अमरकंटक स्टेट हाईवे के पास स्थित एक मकान के किचन में बीती रात भीषण आग लग गई। आशीष सोनी के मकान में लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। घटना बीती रात उस समय हुई जब महिलाएं किचन में खाना बना कर बाहर निकली थीं। अचानक किचन में आग लग गई। घर में मौजूद सभी लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई और बाहर निकल कर मदद की गुहार लगाई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि हाईवे पर चल रहे वाहन चालकों को अपने वाहन रोकने पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत धनपुरी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दमकल विभाग को बुलाया। धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह के अनुसार, दमकल कर्मियों ने लगभग 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मामले में आगजनी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जीजा-साली सोन नदी में डूबे, एसडीआरएफ कर रही तलाश

शहडोल, देशबन्धु। जिले में सोहागपुर के खेतौली में सोन नदी में डूबे दो लोग लापता हो गए हैं। नागपुर (महाराष्ट्र) के रहने वाले सागर गुप्ता (34) और उनकी साली ईशा गुप्ता (20) पिकनिक मनाने के दौरान नदी में डूब गए। घटना बुधवार शाम करीब 6 बजे बताई जा रही है। बताया गया कि सागर होली की छुट्टी में अपने ससुराल नरसराहा आए थे। वे अपनी साली और 6 अन्य रिश्तेदारों के साथ सोन नदी किनारे पिकनिक मनाने गए थे। खाना बनाने के बाद सभी नदी में नहाने गए। इसी दौरान सागर और ईशा गहरे पानी में चले गए। तलाशी के लिए चलाया जा रहा रेस्क्यू अभियान- मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना डायल 100 को दी गई। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। नदी में अधिक पानी होने और रात के कारण बचाव कार्य में परेशानी आ रही है। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचकर तलाश में जुटी है।

रिश्तेदार की गमी में आए दूसरे गांव के लोगों को ग्रामीणों ने पीटा, वाहनों में लगाई आग

शहडोल, देशबन्धु। जिले में रिश्तेदार के गमी कार्यक्रम में पहुंचे दूसरे गांव के लोगों पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने न केवल उन्हें पीट-पीटकर घायल किया, बल्कि उनके वाहनों में भी आग लगा दी। काफी देर चले विवाद के बाद अन्य ग्रामीणों ने मामला शांत कराया, जिसके बाद दूसरे गांव से आए लोगों की जान बच सकी। हालांकि, अपने बचाव में दूसरे गांव के लोगों ने भी मारपीट की। यह मामला जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के एक गांव का है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, वाहनों को आग लगाने के मामले में दूसरे पक्ष पर आगजनी का भी केस दर्ज किया गया है। दरअसल, गत दिवस गमी के कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक लोग ट्रैक्टर, बाइक और अन्य वाहनों से उस गांव पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान गांव के दर्जनों लोगों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। मारपीट से बचने के लिए पीड़ित पक्ष ने भी दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला किया। हमला करने वालों ने दूसरे गांव के लोगों के ट्रैक्टर और बाइक में आग भी लगा दी, जिससे कई वाहन जल गए। अब इस घटना के वीडियो भी सामने आए हैं।

कलश शोभायात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरु

शहडोल, देशबन्धु। मनोज टीवीएस परिवार के द्वारा आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ कलश शोभा यात्रा के साथ हो गया। गुरुवार 20 मार्च को श्रीराम कथा के शुभारंभ से पूर्व अपरान्ह तीन बजे गणेश मंदिर इंदिरा चौक से कथा स्थल शुभम पैलेस तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा के साथ श्रीराम सीता की सचित्र झांकी के साथ श्रीराम कथा का रसपान कराने वाले आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज एवं स्वामी रामकृष्ण आचार्य जहां रथ में सवार होकर चल रहे थे वहीं पीले वस्त्र में महिला पुरुष एवं युवा गीत संगीत के साथ थिरक कर नृत्य कर चल रहे थे। कलश शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी नागरिकों द्वारा किया गया वहीं आतिशबाजी वह ढोल धमाके के साथ कलश शोभा यात्रा श्री राम कथा स्थल पहुंची जहां श्री राम कथा के प्रवचन करता आचार्य बद्री पर बन्नाचार्य जी महाराज द्वारा कथा के पहले दिन श्रीराम कथा महात्म्य का श्रवण कराया गया। इसके पूर्व प्रात: ग्रीन सिटी के समीप निवास पितृछाया में यज्ञाचार्य पंडित रामसुशील शास्त्री द्वारा पूजा पाठ संपादित कराया। तत्पश्चात पांच बजे से कलश शोभा यात्रा शुभम पैलेस पहुंची। श्रीराम कथा की शुभारंभ के दौरान इंद्रदेव ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हल्की-बारिश के फुहारे से कथा स्थल को अभि सिचित करते हुए पूरे वातावरण को ठंडक बना दिया।

प्रभाष कुमार अध्यक्ष व बालकृष्ण बने सचिव

मजदूर कांग्रेस की नवीन कार्यकारिणी का अधिवेशन में हुआ ऐलान

शहडोल, देशबन्धु। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल का द्विवार्षिक अधिवेशन गुरुवार को यहां मजदूर कांग्रेस कार्यालय परिसर में संपन्न हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि मजदूर कांग्रेस के मंडल समन्वयक और संयुक्त महामंत्री विजय अग्निहोत्री रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, जोनल केंद्रीय कोषाध्यक्ष डीके स्वाइन और अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री व अर्बन बैंक के डायरेक्टर रामकुमार यादव मंचासीन रहे। मंच में मजदूर कांग्रेस शहडोल शाखा के अध्यक्ष सीएन सिंह और शाखा सचिव बालकृष्ण बंगारी भी उपस्थित रहे। इस द्विवार्षिक अधिवेशन में मजदूर कांग्रेस की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

चुनाव अधिकारी विजय अग्निहोत्री की अनुमति से जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने नए शाखा पदाधिकारियों के नामों का ऐलान किया। रनिंग स्टाफ के प्रभाष कुमार को मजदूर कांग्रेस का नया शाखा अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि पूर्व में शाखा सचिव रहे बालकृष्ण बंगारी (बाला) को एक बार फिर शहडोल शाखा सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अन्य पदाधिकारियों में हरीश सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष, सी एन सिंह व दीपक बागची को उपाध्यक्ष, अनिल सिंह यादव, दिवाकर तिवारी, के पी गुप्ता, केडी मिश्रा और ओपी पाण्डेय को महासचिव, राम मिलन यादव को संगठन सचिव और अनूप सोनटेके को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। रनिंग और इंजीनियरिंग विभाग की इकाई का भी गठन किया गया।

श्री राव ने कहा कि शहडोल अस्पताल में पदस्थ एक डॉक्टर का व्यवहार बेहद चर्चित है और यदि इस डॉक्टर ने अपने आचरण में सुधार नहीं किया तो एक माह के बाद मजदूर कांग्रेस अस्पताल का घेराव करेगी। जोनल कार्यकारी अध्यक्ष श्री राव ने बताया कि मजदूर कांग्रेस के केंद्रीय पदाधिकारी ने तय किया है कि अब रनिंग, इंजीनियरिंग, ट्रैकमैन और यूथ विंग का भी गठन किया जाएगा।

30 लाख के लोन की सुविधा : यादव

अधिवेशन का प्रभावी संचालन करते हुए अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री व अर्बन बैंक के डायरेक्टर रामकुमार यादव ने कहा कि काम है तो हम रहेंगे वर्ना नेता बनकर कोई नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि यह हमारे आपके एकता की जीत है। उन्होंने कहा कि आप हैं तो संगठन है और संगठन है तो हम हैं।

श्री यादव ने अर्बन बैंक में किए गए बदलाव की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में अर्बन बैंक में शेयर धारकों को सिर्फ 10 लाख रुपए तक के लोन की सुविधा थी, जिसे बढ़ाकर अब 30 लाख रुपए कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे देश में किस तरह अर्बन बैंक के शेयर धारक हॉलीडे होम्स का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में संचालक और शेयर धारकों में फर्क रहता था लेकिन अब सब एक समान हैं।

योजनाओं का लाभ ले : स्वाइन

जोनल केंद्रीय कोषाध्यक्ष डीके स्वाइन ने अपने संबोधन में रेलवे कर्मचारियों व उनके परिवार जनों को शिक्षा और स्वास्थ्य की मिलने वाली योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रेल कर्मचारियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी कहा। इससे पहले शहडोल शाखा सचिव बालकृष्ण बंगारी ने अपने पिछले कार्यकाल में किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। कोषाध्यक्ष अनूप सोनटेके ने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अधिवेशन के प्रारंभ में सभी मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत किया गया अधिवेशन में बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

माला सेवक बनने की निशानी : अग्निहोत्री

अधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि व चुनाव अधिकारी विजय अग्निहोत्री ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आपको जो माला पहनाई गई है वह माला सेवक बनने की निशानी है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी हमारे कार्य करने का प्रमुख सिद्धांत है। पुरानी यूनियन का बिना नाम लिए इशारों ही इशारों में उन्होंने कहा कि उस यूनियन में बिना दक्षिणा लिए कोई काम नहीं होता था, लेकिन मजदूर कांग्रेस में दक्षिणा की कोई जगह नहीं है, यहां हर कार्यकर्ता का काम किया जाएगा। श्री अग्निहोत्री ने बताया कि रनिंग स्टाफ के साइडिंग माइलेज का निर्णय प्रक्रिया में है। साथ ही ट्रैक मैन के 12 किलोमीटर और बीट के साइकिल भत्ता की प्रक्रिया भी चल रही है।

हमें कार्यकर्ताओं पर गर्व : राव

जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने अपने दमदार संबोधन ने कहा कि हमें अपने कार्यकर्ताओं पर गर्व है कि उनके प्रयासों से बिलासपुर जोन में हम एकल मान्यता प्राप्त यूनियन के रूप में आए हैं। उन्होंने उन्होंने पूर्व के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने रेलवे क्वार्टर की मरम्मत करने का कार्य किया, रेलवे स्कूल बंद करने का आर्डर हो गया था, लेकिन उस आदेश को मजदूर कांग्रेस ने रद्द कराया और स्कूल आज भी यथावत कायम है। उन्होंने भविष्य के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि रेलवे ग्राउंड का कायाकल्प कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे फुटबॉल मैदान का समतलीकरण, स्टेज निर्माण के साथ ही महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग ड्रेस चेंजिंग रूम बनाना एक प्रमुख मांग है।

बिजली चोरी कर चला रहे थे एसी व पंप

उड़नदस्ता टीम ने दर्ज किया प्रकरण

शहडोल, देशबन्धु। उड़नदस्ता टीम ऊर्जा विभाग शहडोल द्वारा वितरण केन्द्र ब्यौहारी के अंतर्गत ग्राम चरखरी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में विद्युत अधिनियम की धारा 126 के अंतर्गत स्वीकृत भार से अधिक 8 घरेलू कनेक्शनों के कुल 20 किलोवाट लोड का केस रजिस्टर्ड किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि उपभोक्ताओं के घरों में मीटर नहीं लगे थे और जो मीटर लगे भी थे तो वो खराब थे। लेकिन बावजूद इसके इन उपभोक्ताओं द्वारा एसी, पंप, गीजर जैसे आदि बड़े उपकरणों को जलाकर विद्युत का अवैध उपयोग किया जा रहा था। उड़न दस्ता टीम यह देखकर हैरान रह गई कि इन उपभोक्ताओं का महीने का विद्युत बिल मात्र 164, 200 या 440 रुपए आ रहा था। उड़नदस्ता टीम की प्रभारी इंजी प्रीति सिंह द्वारा मौका स्थल पर पंचनामा तैयार किया गया। टीम में इंजी प्रीति सिंह, कर्मचारी दीपक केवट, जितेंद्र तिवारी, राहुल सिंह और सुरक्षा सैनिक विवेक गुप्ता मौजूद थे।

बदला मौसम, जोरदार बारिश से बढ़ी किसानों की चिंता

उमरिया, देशबन्धु। जिले में मौसम ने अचानक करवट ली है। धूप के बाद आसमान में बादल छा गए हैं। बुधवार रात को जिले में 1.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम में हुए इस बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। पके हुए गेहूं और चना-बटरी की फसलों को नुकसान का खतरा है। किसान फसल कटाई में जुट गए हैं।

किसान शारदा सिंह ने बताया कि चना की फसल तो काट ली है, लेकिन गेहूं की फसल अभी खेत में खड़ी है। बारिश होने से गेहूं के काला पड़ने का

डर है।

कृषि विभाग के अधिकारी आरएन सिंह परिहार ने किसानों को जल्द से जल्द फसल काटने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बारिश से सभी फसलों को नुकसान हो सकता है। मौसम बदलने का असर वन विभाग की योजनाओं पर भी पड़ा है। मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम की चंदिया रोपणी में सागौन बीज की बुवाई करीब 10 दिन देरी से होगी। बारिश से बेड में नमी आ गई है। जिले में तापमान में भी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री से घटकर 19.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

हाईकोर्ट के निर्देश पर सचिव से हुई थी लाखों की रिकवरी

अब पुन: जांच के नाम पर पलीता लगाने की तैयारी, डिग्घी पंचायत का मामला

सिंगरौली, देशबन्धु। ग्राम पंचायत डिग्घी की विवादास्पद सचिव देवकुमारी शाह के कारनामों की जांच के बाद मप्र उच्च न्यायालय ने उन्हें लगभग 28 लाख रुपए के गबन के साथ ही कई बिंदुओं पर दोषी ठहराते हुए रिकवरी के आदेश दिए थे। साथ ही सचिव सहित इस गबन में शामिल अन्य कर्मचारियों को 18 मार्च तक वित्तीय अनियमितता की राशि को जिला पंचायत के खाते में जमा करने के लिए आदेश दिए थे, साथ ही कोर्ट में हाजिर होकर जबाव पेश करने के लिए कहा था, लेकिन सचिव ने मेडिकल अवकाश ले लिया, वही वसूली कार्यवाही और कलेक्टर व जनपद पंचायत की जांच को झूठा बताकर पुन: जांच करवाने का दबाव एक सत्ताधारी जनप्रतिनिधि से डलवाकर तीसरा जांच दल गठित करवाकर जिले के चुनिंदा अधिकारियों घटिया निर्माण करने का जिम्मा सौंपा गया है। इस तरह जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सचिव को बचाने की कोशिश की जा रही है।

गौरतलब है कि जो जांच 4 साल से एक स्थानीय जनप्रतिनिधि के इशारे पर जिला के अधिकारी दबा दिए उसकी उच्च स्तरीय शिकायत प्रमुख सचिव पंचायत ग्रामीण विकास संचालक, पंचायत राज संचनालय कमिश्नर रीवा, कलेक्टर सिंगरौली से की गइ। फलस्वरूप कलेक्टर सिंगरौली के द्वारा दिए गए निर्देश पर एसडीएम सिंगरौली द्वारा जांच करवाई गई, जिसमें भारी भ्रष्टाचार वित्तीय अनियमितता जांच दल को मिली जिसका पंचनामा मौके पर तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपा गया, लेकिन जिला के अधिकारियों ने सत्तापार्टी के एक जनप्रतिनिधि के दबाव पर कार्रवाई नहीं की, जिससे मजबूर होकर सूचना अधिकार के तहत जानकारी लेकर मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की गई।

विद्वान न्यायधीश ने गंभीर अनियमितता पर चार सप्ताह में कार्यवाही करने का आदेश जारी किया। आनन फानन में जिला पंचायत द्वारा एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही कर भ्रष्टाचार के आरोप में लगभग 28 लाख के ख़यानत का मामला सिद्ध कर वसूली के लिए 18 मार्च को तारीख मुकर्रर की गई। जिससे एक जन प्रतिनिधि ने भ्रष्ट सचिव को बचाने के लिए कलेक्टर तथा जनपद की जांच को झूठा साबित करने के अपने चुनिंदा अधिकारियों का जांच दल गठित कर दिया।

स्थानीय ग्रामीण शिकायकर्ताओं ने कहा है कि अगर सचिव को एक सत्ताधारी नेता जनप्रतिनिधि के इशारे पर बचाया जाता है तो हम शिकायकर्ता जांच दल में शामिल अधिकारियों को उच्च न्यायालय में पार्टी बनायेगे, क्योंकि दोनों जांच दल में भारी भ्रष्टाचार उजागर होकर वसूली हेतु जारी हुआ है, लेकिन भ्रष्ट एक नेता के इशारे पर मनमाफिक अधिकारियों से जांच दल में हुए खुलाशे को दबाकर मनमाफिक रिपोर्ट लेकर सचिव को बचाने हेतु मौका दिया गया है नियत तिथि को सचिव का जवाब देने न आना ख़यानत की राशि जमा ना कर मेडिकल अवकाश लेकर वसूली की राशि को झुठलाने हेतु भ्रष्ट नेता के कहने पर तीसरा जांच दल गठित कर बचाने का सफल प्रयास है। बहरहाल अभी शिकायत कर्ताओं ने जारी प्रेस बयान में कहा है कि अगर जांच में वसूली की राशि को कम किया गया सचिव को क्लीन चिट दी गई तो जांच दल में शामिल सभी अधिकारियों को उच्च न्यायालय में भ्रष्टाचार का आरोपी बनाए जाने हेतु पुन: पिटिशन दायर की जाएगी।

कमिश्नर ने पाली तहसील का किया औचक निरीक्षण

उमरिया, देशबन्धु। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने उमरिया जिले के तहसील कार्यालय पाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने राजस्व प्रकरणों के निरीक्षण के दौरान प्रवाचक शैलेन्द्र दुबे द्वारा दस्तावेजों का संधारण ,आर्डर शीट में कमी,प्रकरण की विस्तृत जानकारी न होने, समाधानकारक उत्तर न देना ,समय पर प्रकरण को पंजीकृत न करना ,पेशी की तारीख न दर्ज होने सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर प्रभारी तहसीलदार पाली सनथ सिंह एवं वृत्त पाली के नायब तहसीलदार डी एस मरावी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।